पशुपालन विभाग,
मैनुअल

वर्ष 2018–19

उत्तराखण्ड राज्य

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,
हरिद्वार

सूचना का अधिकार
अधिनियम–2005 की धारा–4
17 मैनुअलो का संग्रह
भाग –1

संशोधित संस्करण 2018–19

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
पशुपालन विभाग जनपद,
हरिद्वार

जनपद–हरिद्वार का परिचय

जीवनदायिनी ,मोक्ष प्रदायिनी पतित पावनी मॉ गंगा नदी के दाहिने तट पर बसे हुए हरिद्वार को पुरातत्वविद् करीब पौने चार हजार साल पूर्व की मानव बस्ती के रूप में स्वीकार करते हैं। भौगोलिक दृष्टि से यह 29–58 उत्तरी अक्षांश तथा 78–10 पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। ईसा पूर्व 1200 से 1700 वर्ष के मध्य की गेरवे रंग की संस्कृति वाली सभ्यता के आबादी वाला क्षेत्र है। मॉ गंगा के उद्गम स्थल गोमुख,गंगोत्री से करीब 300 किलो मीटर नीचे समतल मे मॉ गंगा की धारा के किनारे में चर्चित गंगा द्वार के नाम से प्रख्यात यह नगर देव नदी मॉ गंगा के लिए प्रथम समतल भूमि प्रदान करता है।

शिवालिक पर्वत माला के छोर पर बिल्व पर्वत और नील पर्वत के मध्य लम्बाई में बसा यह छोटा सा खूबसूरत नगर अपनी प्राकृतिक सुशमा, मनोहारी गंगा तटो,वहां होने वाली पूजा आरतियों के सुन्दर नयनाभिराम दृश्यों शिवालिक की वन और पहाड़ों वाली प्राकृतिक विरासतों मन्दिरो, आश्रमों और अखाड़ों के कारण यह प्राचीन काल से ब्यापारी ,घुम्कड़ों ,तीर्थयात्रियों और मॉ गंगा भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जहॉ प्रत्येक 12 वें वर्ष कुम्भ तथा छठें वर्ष में अर्धकुम्भ के पवित्र स्नान होते हैं, जिसमें करोड़ों लोग स्नान कर पुण्य प्राप्त करते हैं।

उत्तराखण्ड राज्य के मुख्यालय से 69 किलोमीटर दूर पश्चिम की ओर 196000 हैक्टेयर विस्तृत भूभाग में फैला हरिद्वार जनपद स्वंतत्र रूप से 28 दिसम्बर, 1988 को अस्तित्व में आया है। 04 जून, 1986 को हरिद्वार के साथ लगभग सारा कुम्भ क्षेत्र जोड़ कर एक नये हरिद्वार विकास क्षेत्र का गठन किया गया तथा हद्विार विकास प्राधिकरण की स्थापना की गयी। नवसृजित जनपद हरिद्वार में रूड़की एंव हरिद्वार के साथ ही एक नई तहसील लक्सर का गठन भी किया गया है।

जनपद हरिद्वार आज 1444213 की आबादी वाला ऐसा जनपद बन गया है, जहॉ लगभग हर प्रकार का खाद्यान प्रचुर मात्रा में उत्पन्न होता है। गन्ना, आलू,तिलहन, मूंगफली, हरी सब्जियां तथा दुग्ध उत्पादन के जिले का आर्थिक आधार है। इसके अतिरिक्त धान, गेंहूँ, अरहर, मटर, उड़द, चना, आदि भी इस जनपद की मुख्य फसलें हैं।

मॉ गंगा के तट पर बसा जनपद हरिद्वार का तीर्थो में महत्वपूर्ण स्थान है, जहॉ पर मांया देवी मन्दिर, चण्डी देवी मन्दिर, मनसा देवी मन्दिर, दक्ष महादेव मन्दिर, गौरी शंकर मन्दिर, कुण्ड भूमा निकेतन, वैष्णों देवी मन्दिर, भारत माता मन्दिर, बिक्कलेश्वर महादेव मन्दिर, पिरान कलियर, भीमगोड़ा तालाब जैसे दर्शनीय स्थान हैं। हरकी पैड़ी का तो शास्त्रों में महत्वपूर्ण स्थान है। हरकी पैड़ी पर प्रत्येक सायंकाल पतितपावनी मॉ गंगा की आरती के समय पर एक आलौकिक दृश्य प्रकट होता है, जहां विश्व भर के लोग मॉ गंगा के इस रूप का दर्शन करने आते हैं और अपना जीवन धन्य मानते हैं।

। जनपद हरिद्वार में पशुपालन विभाग का एक बड़ा योगदान है। जनपद में कुल पशुधन की संख्या 533768 है। जिसमें 148385 गौवंशीय तथा 268535 महिशवंशीय पशुओं की संख्या है। इसके अतिरिक्त जनपद में कुल 2270 भेड़ तथा 21265 बकरियां तथा 1675 घोड़े, टट्टू आदि हैं। जनपद के 148385 गौवंशीय पशुओ में से 46031 पशु शंकर नस्ल के हैं। जनपद हरिद्वार में 16 पशुचिकित्सालय, 1 सचल पशुचिकित्सालय, 2 ,द,श्रेणी पशुचिकित्सालय तथा 39 पशु सेवा केन्द्र, 1 कुक्कुट प्रक्षेत्र कार्यरत हैं। जिनका कार्य जनपद के समस्त पशुओं को चिकित्सा आदि सुविधा, एंव वैज्ञानिक ढगं से अपनाई जाने वाली कृत्रिम गर्भाधान, की सुविधा उपलब्ध कराना है।

'प्राक्कथन ''

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अनुच्छेद धारा–4 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयो, विभागो में अधिनियम की धारा–4 के अंतर्गत 17 अल्स बनाये जाने का प्राविधान है प्रत्येक मैनुअल में वर्गीकत सूचना उपलब्ध रहेगी, ताकि नागरिको द्वारा सूचना प्राप्त करने हेतु जब भी आवेदन किया जायेगा तो आधार भूत सूचनाएं इन मैनुअलो में ही उपलब्ध हो जायेगी, तथा शेष सूचनाओं के लिए अन्य श्रोतो का आश्रय लेना होगा ।

पशुपालन विभाग उत्तराखंड द्वारा अधिनियम की धारा–4 द्वारा निर्धारित 17 मैनुअलों के अंतर्गत विभिन्न विभागीय सूचनाओ का एक स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है, विभाग के लिए जहॉ यह एक अभिनव एवं चुनौतीपूर्ण कार्य था, तब विभागीय मैनुअलों का अध्यावधिक रूप से व्यवस्थित करने की पुरानी परपंरा को पुर्नजीवित करने में सहभाग करने हेतु एक सुखद अनुभव भी था, इसी अवधारणा से इस कार्य को सम्पन्न किया गया है। 17 मैनुअलों को एक किताब के रूप में तैयार किया गया, जिसमें सभी मैनुअलों की विषय सूची किताब में ही मैनुअलों के साथ लगी है। वर्तमान में जो मैनुअल का रूप उभर कर आया ह? वह एक प्रारम्भिक अवस्था है, तथा इसे निरन्तर अध्यावधिक किया जायेगा, इसके अतिरिक्त मैनुअलो को पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत कर वेबसाइट में भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने हेतु सी0डी0 उपलब्ध कराई जा रही है ।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
हरिद्वार

प्रस्तावना

1.1— पशुपालन विभाग का गठन पदो का विवरण पुनर्गठन सम्बन्धी सूचना :—

ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा वर्ष 1892 में सिविल वैटनरी विभाग की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य प्रदेश में अश्व उत्पादन को प्राथमिकता देना था । इसके अन्तर्गत बाबूगढ़ (मेरठ) में एक डिपो खोला गया, जहां सामान्य प्रबन्धक के साथ—साथ प्राथमिक चिकित्सा तथा अश्व प्रदशनी मेलों का आयोजन कराया जाता था । इसको प्रभावी बनाने हेतु वर्श 1901 में सात पशु चिकित्सालयों की स्थापना की गई।

वर्ष 1899 में ग्लाईन्ड एण्ड फारसी तथा 1910 में पशुफार्म मझरा(लखीमपुर) एवं वर्ष 1913 में माधुरीकुण्ड (मथुरा) में स्थापित किये गये पंजाब पशुचिकित्सालय महाविधालय, लाहौर में पशु सम्बन्धी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

वर्ष 1916 में पशुपालन कार्य को गति देने के लिए डिप्टी सुपरटेन्डेन्टों के अधीन रखकर तीन सर्किलो को बाटा गया तथा अधीनस्थ कर्मचारियों जिला परिषदों द्वारा उपलब्ध कराये गये डिस्टंक बोर्ड एक्ट 1922 के लागू होने पर कार्यो में आई समस्याओं के फलस्वरूप इसी वर्ष कैटिल ब्रीडिंग कार्य हेतु मझरा फार्म (खीरी) माधुरीकुण्ड फार्म (मथुरा) कृषि विभाग को सौंप दिये गये, ताकि बैनीपुर (आगरा) व आटा (जालौन) क्वाराईन स्टेशन खोले गये। वर्ष 1933 में सब—सर्किलों को समाप्त करते हुए वर्ष 1935 में वैटनरी इनवेस्टीगेशन आफिसर नियुक्त किये गये, पशुप्रजनन का कार्य कृषि विभाग द्वारा संतोषजनक न होने के कारण वर्ष 1939 में यह कार्य सिविल वैटनरी डिर्पाटमैंन्ट को सौंप दिया गया। इस प्रकार वर्ष 1944 तक धीरे—धीरे पशु सम्बन्धी कार्य सिविल वेटनरी डिपार्टमेन्ट को स्थानान्तरित कर दिये गये। 01 अप्रैल, 1944 में निदेशक, पशुपालन विभाग की स्थापना की गई, जिसके द्वारा वर्ष 1946 तक सिविल वेटनरी डिपार्टमेन्ट के सभी कार्य निदेशक, पशुपालन के नियंत्रण में ग्रहण कर लिए गये हैं।

पशुपालन निदेशालय स्थापित होने के पश्चात पशु, लघु पशु, मछली, कुक्कुट डेरी गौशाला, रोगनियत्रंण एवं बचाव कार्य हेतु विभिन्न पदों की स्थापना की गई व वर्ष 1945 में वैक्सीन एवं सीरम के निमार्ण हेतु बी0पी0सेक्सन एवं कृत्रिम गर्भाधान व बांझपन चिकित्सा हेतु ऐनीमल जेनेटिस्ट की नियुक्ति की गई वर्ष 1946 में माधुरीकुण्ड (मथुरा) क्षेत्रीय पशुधन अनुसंधान केन्द्र खोला गया है।

वर्ष 1947 में पशु चिकित्सालय में नियंत्रण हेतु यू0पी0 प्रोविलाईजेशन आफ हास्पीटल एक्ट तथा वेटनरी प्रोकटशनर के पंजीकरण हेतु यू.पी.वेटनरी कौन्सिल एक्ट पारित किये गये । वर्ष 1953 में गौ—संवर्धन इनक्वाायरी कमेटी का गठन किया गया जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश गो—बध निवारण अधिनियम 1955 अस्तित्व मे आया आने वाले समय की मांग को देखते हुए क्रमषः1947 व 1960 में पशु चिकित्सा विभाग व पशुपालन महाविधालय मथुरा एवं पंतनगर (नैनीताल) की स्थापना की गई, जिसके अन्तर्गत चार वर्षीय वी.वी.एस.सी. तथा दो वर्षीय एम.वी.एस.सी.पाठ्यक्रमों की शुरूआत हुई । वर्ष 1964 में यू.पी.लाईवस्टाक डेवलेपमेन्ट एक्ट यू.पी. गौशाला एक्ट पारित किये गये एवं इसके अतिरिक्त यू.पी.काऊ सैलैटर नियम बनाये गये हैं।

उत्तर प्रदेश लखनऊ में स्थित पशुपालन निदेशालय में सर्वप्रथम निदेशक की सहायता हेतु अपर निदेशक, उप निदेशक, मुख्यालय, लघु पशु (के.विलेज स्कीम) (रिण्डरपेस्ट) बनाये, इसके अतिरिक्त निम्न अनुभाग पशुधन अनुभाग,सामान्य अनुभाग, आडिट एवं लेखा स्थापना योजना, सांख्यिकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र स्थापित किये गये । पशुधन विकास के अन्तर्गत नस्ल सुधार को ध्यान में रखते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार कालसी फार्म, देहरादून तथा चक गजरिया (लखनऊ) पर यह योजना चलाई गई एवं बुल रियरिंग फार्म (मथुरा) तथा आटा(जालौन) निदेशक के नियंत्रण में स्थापित किये गये । और ग्रामीण जनपदों को लाभ देने के लिए राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग के अन्तर्गत 14 प्रक्षेत्रों पर काम किया गया, जिसके उत्तरांचल राज्य में पशुपालन विभाग केन्द्रीय भेड़ एवं अनुसंधान केन्द्र, पशुलोक—ऋषिकेश एवं पशुधन एवं दुग्धशाला प्रक्षेत्र कालसी, देहरादून में स्थापित है

बेहतर प्रशासनिक एवं नियंत्रण हेतु एवं अनुश्रवण हेतु 9 सर्किलों में बाटा गया और प्रत्येक सर्किल में उप निदेशक कार्य देखने हेतु रखे गये । उत्तरांचल राज्य में दो सर्किल में मण्डल वर्तमान में कार्यरत है।

1— अपर निदेशक, पशुपालन विभाग गढवाल मण्डल पौड़ी।

2— अपर निदेशक, पशुपालन विभाग कुमांयू मण्डल नैनीताल।

प्रत्यक जनपद में जिला पशुधन अधिकारी रखें गये थे, जो अब उत्तराखण्ड राज्य में 13 जनपदों में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। जिला पशुधन अधिकारी की स्थापना 1989 में हुई। इससे पूर्व हरिद्वार जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के अर्न्तगत था। जनपद की स्थापना का उद्धेश्य आने वाले निकटस्थ इलाकों को उन्नत नस्ल की मवेशी उपलब्ध कराना तथा जिले में श्वेत क्रांन्ति को देना विभाग द्वारा वर्तमान में महत्वपूर्ण चार चिन्हित कार्यक्रम— पशु चिकित्सा—2 बधियाकरण—3 टीकाकरण— कृत्रिम गर्भाधान चलाये जा रहे हैं। इसके अतिरित पशुप्रर्दशनी , गोष्ठियां, चारा मिनिकिट्स वितरण, चूजा वितरण का कार्य सम्पादित किया जाना है।

जनपद हरिद्वार के अर्न्तगत 16 पशुचिकित्सालय, एक सचल पशुचिकित्सालय एवं 17 पशु सेवा केन्द्रों के अतिरिक्त अटल आदर्श ग्राम योजनार्न्तगत 19 पशु सेवा केन्द्र कार्यरत हैं। पशुचिकित्सालय, बहादराबाद पर शल्य चिकित्सा केन्द्र स्थापित किया गया है तथा कुक्कुट प्रक्षेत्र की स्थापना की गयी है। एवम् जनपद में प्रत्येक विकास खण्ड में एक चारा बैंक की स्थापना भी की गयी है।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशुपालन विभाग, हरिद्वार
सूचना के अधिकार सम्बन्धी मैनुअल की सूची–

क0स0	मद विवरण / मैनुअल	पृष्ठ संख्या
1	मैनुअल–1 संगठन की विशिष्टियां,कृत्यं एवं कर्तव्य	08–17
2	मैनुअल–2 अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियांएवं कर्तव्य	18–20
3	मैनुअल–3 विनिश्चय करने की प्रक्रिया मे पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमे पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित है ।	21–24
4	मैनुअल–4 कर्तब्यो के निर्वहन के लिए स्वयं द्वारा स्थापित मापमान	25–27
5	मैनुअल–5 अपने द्वारा या अपने नियंत्राणाधीन धारित या अपने कर्मचारियों द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन के लिए प्रयोग किए गये नियम,विनियम, अनुदेश, निर्देषिका और अभिलेख	28–34
6	मैनुअल–6 ऐसे दस्तावेजो के जो उसके द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन है, प्रवर्गो का विवरण	35–48
7	मैनुअल–7 किसी व्यवस्था की विशिष्टियां जो उसकी नीति की संरचना या उसके कियान्वयन के संबंध मे जनता के सदस्यों से परामर्ष के लिए या` द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान है ।	49–52
8	मैनुअल–8 ऐसे बोर्डो / परिशदों / समितियों एवं अन्य अधिकारियों का विवरण	53–60
9	मैनुअल–9 अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्देशिका	61–64
10	मैनुअल–10 प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारिश्रमिक जिसमें उसके विनियमो में यथा उपलब्धि, प्रतिकर की प्रणाली सम्मिलित है ।	65–75
11	मैनुअल–11 सभी योजनाओ प्रस्तावित व्ययो और किये गये संविताणो रिर्पोट की विशिष्टियां उपदर्षित करते हुये अपने प्रत्येक अभिकरण को आवंटित बजट	76–82
12	मैनुअल–12 सहायता कार्यक्रमों के कियान्वयन की रीति जिसमें आवंटित राशि और ऐसे कार्यक्रमो के लाभार्थियो के ब्यौरे सम्मिलित है	83–86
13	मैनुअल–13 रियायत, अनुज्ञापत्रों तथा प्राधिकारों के प्राप्तिकर्त्ताओं के सम्बन्ध में विवरण	87–101
14	मैनुअल–14 इलैक्ट्रांनिक रूप में उपलब्ध सूचना	102–104
15	मैनुअल–15 सूचना प्राप्त करने के लिये नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण	105–106
16	मैनुअल–16 लोकसूचना अधिकारियो के नाम, पदनाम और अन्य विशिष्टियां	107–111
17	मैनुअल–17 अन्य उपयोगी जानकारियां	112–117

मैनुअल–1
संगठन की विशिष्टयां कृत्य और कर्तव्य

क्रम सं0	विवरण	पेज नं0
1.1	पशु 'पालन विभाग का गठनः पदों का विवरणः पुनर्गठन सम्बन्धी सूचना	08–10
1.2	विभाग के कार्यकलाप	11–12
1.3	विभाग के कर्तव्यों/दायित्वों सम्बन्धी कार्यालय ज्ञाप	13–17

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार के कार्यालय के अन्तर्गत विभिन्न संस्थाओ में
कार्यरत एवं स्वीकृत पदो का विवरणः—31.3.2018 तक की स्थिति

क्र0	लेखाशीर्ष / योजना का नाम नाम	कार्यरत संस्था का नाम	संस्था पर स्वीकृत / कार्यरत पदो की संख्या / पदनाम			
				स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त
1	निदेशन तथा प्रशासन	कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी	01	01	0
2		कार्या0 मुख्य पशुचिकित्साधिकारी	उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी	01	01	0
3		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	01	01	0
4		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	प्रशासनिक अधिकारी	01	01	0
5		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	आशु लिपिक	01	0	01
6		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	मुख्य प्रसार अधिकारी	01	0	01
7		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	प्रधान सहायक	01	01	0
8		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	वरिष्ट सहायक	02	02	0
9		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	कनिष्ट सहायक	02	04	0
10		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	लेखाकार	01	01	0
11		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	सहायक लेखाकार	01	0	01
11		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	अपर / सहायक संख्याधिकारी	02	03	0
12		कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हरिद्वार	वाहन चालक	02	02	0
13		,,	अर्दली	01	01	0
14		,,	पशुधन सहायक	01	01	0
15		पशुचिकित्सालय हरिद्वार	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 1	01	01	0
			चीफ वेटनरी फार्मेसिस्ट	02	0	02
			पशुधन सहायक	04	04	0
		पशुचिकित्सालय बहादराबाद	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 1	01	01	0
16			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
			पशुधन सहायक	03	04	0
17		पशुचिकित्सालय बेंलडी	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	01	02	0
18		पशुचिकित्सालय तेलीवाला	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0

			पशुधन सहायक	02	02	0
19		पशुचिकित्सालय रूडकी	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 1	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	02	03	0
20		पशुचिकित्सालय नारसन	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 1	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	02	02	0
21		पशुचिकित्सालय सिकरोडा	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	01	02	0
22		पशुचिकित्सालय मंगलौर	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	0	01
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	02	02	0
23		पशुचिकित्सालय गोवर्धनपुर	पशुचिकित्सधिकारी ग्रेड 2	01	0	01
			वैटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	01	01	0
24		पशुचिकित्सालय लण्ढौरा	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	01	02	0
25		पशुचिकित्सालय भगवानपुर	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 1	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	02	03	0
26		पशुचिकित्सालय झबरेडा	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	0	01
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	01	01	0
27		पशुचिकित्सालय खानपुर	पशुचिकित्सधिकारी ग्रेड1	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	02	01	01
28		पशुचिकित्सालय रायसी	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	02	01	01
29		पशुचिकित्सालय लालढाग	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	01	0
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पत्रवाहक	02	02	0
30		पशुचिकित्सालय लक्सर	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 1	01	0	01
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	0	01
			पशुधन सहायक	02	02	0
31		सचल प0 चि0 बहादराबाद	पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड 2	01	0	01
			वेटनरी फार्मेसिस्ट	01	01	0
			पशुधन सहायक	03	04	0
32		पशु सेवा केन्द्र श्यामपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
33		पशु सेवा केन्द्र ज्वालापुर	क्षेत्र प्रसार अधिकारी	01	01	0
			ड्रेसर	01	0	01
34		पशु सेवा केन्द्र फेरूपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
35		पशु सेवा केन्द्र ऐथल	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
36		पशु सेवा केन्द्र पथरी	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
37		पशु सेवा केन्द्र दौलतपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
38		पशु सेवा केन्द्र अलावलपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
39		पशु सेवा केन्द्र मेवडकला	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
40			ड्रेसर	01	0	01

41		पशु सेवा केन्द्र नन्हेडा	क्षेत्र प्रसार अधिकारी	01	01	0
42		पशु सेवा केन्द्र सुल्तानपुर	क्षेत्र प्रसार अधिकारी	01	01	0
43		पशु सेवा केन्द्र चन्द्रपुरी	क्षेत्र प्रसार अधिकारी	01	0	01
44		पशु सेवा केन्द्र निरंजनपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
45		पशु सेवा केन्द्र मानकपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
48		''द क्षेणी'' प0चि0 चुडियाला	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
49			ड्रेसर	01	0	01
50		''द क्षेणी''प0चि0, लखनौता	क्षेत्र प्रसार अधिकारी	01	01	0
51		पशु सेवा केन्द्र बुग्गावाला	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
52		पशु सेवा केन्द्र हल्लूमाजरा	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
53	अटल	पशु सेवा केन्द्र मुण्डलाना	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
54		पशु सेवा केन्द्र चोली शाहपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
55		पशु सेवा केन्द्र हबीबपुर नवादा	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
56		पशु सेवा केन्द्र मानूबास	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
57		पशु सेवा केन्द्र बादशाहपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
58		पशु सेवा केन्द्र सलेमपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
59		पशु सेवा केन्द्र भौरी	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
60		पशु सेवा केन्द्र खाताखेडी	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
61		पशु सेवा केन्द्र ढंढेरा	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
62		पशु सेवा केन्द्र मोहम्मदपुरजट	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
63		प0 से0 केन्द्र भिक्कमपुरजीतपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
64		पशु सेवा केन्द्र मो0पुर बुर्जर्ग	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
65		पशु सेवा केन्द्र पोडोवाली	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
66		पशु सेवा केन्द्र खेडीशिकोहपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
67		प0 से0 केन्द्र सिकंदरपुरभैंसवाल	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
68		पशु सेवा केन्द्र लिब्बरहेडी	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
69		पशु सेवा केन्द्र खंजरपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
70		पशु सेवा केन्द्र मुंडाखेडाकलां	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
71		पशु सेवा केन्द्र तांशीपुर	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	0	01
72		पशु सेवा केन्द्र गैडीखाता	पशुधन प्रसार अधिकारी	01	01	0
73		कार्यालय मुख्य पषुचिकित्साधिकारी,हरिद्वार	चारा विकास अधिकारी	01	01	—

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,
हरिद्वार

1.2– विभाग के कार्यकलाप :–

पशुपालन विभाग के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की शतप्रतिशत आपूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर उत्तरदायित्व का निर्धारणः–

कार्यक्रम का नाम– न्याय पंचायत स्तर

कार्य अधिकारी पशुधन प्रसार अधिकारी

1–कृत्रिम गर्भाधान–कृत्रिम गर्भाधान कार्य कराने के लक्ष्यों को शतप्रतिशत प्राप्त करने,उनका अनुसरण करना तथा संतति परीक्षण आदि का उत्तरदायित्व पशुधन प्रसार अधिकारी का होगा ।

2–उत्पन्न सतति 3–टीकाकरण

4–चिकित्सा 5–बधियाकरण

6–चारा विकास कार्यक्रम–

अ–चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण एवं सघन विकास योजना(जिला योजना)–पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा कृषकों का चयन कर,पशु चिकित्साधिकारियों से प्राप्त बीज का कृषकों कों निशुल्क वितरण किया जाता है ।

ब–चारा मिनिकिट वितरण एवं प्रदर्शन–पशुधन प्रसार अधिकारियों द्वारा कृषकों का चयन कर प्राप्त मिनिकिटों कृषकों के यहां जाकर प्रदर्शन कराना प्रगति उपलब्ध कराना ।

पशुपालन विभाग के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की शतप्रतिशत आपूर्ति हेतु विभिन्नस्तरों पर उत्तरदायित्व का निर्धारणः–

कार्यक्रम का नाम– विकास क्षेत्र स्तर

कार्य अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी

1–कृत्रिम गर्भाधान–न्याय पंचायत स्तर हेतु समस्त आवश्यक निवेशों की सामयिक आपूर्ति कराना विकास क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त कार्यक्रमों के लक्ष्यों को शतप्रतिशत पूर्ति कराना,विभिन्न कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार लाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं न्याय पंचायत स्तर/जिला स्तर के मध्य में समन्वय स्थापित करने का उत्तरदायित्व पशुचिकित्साधिकारी का होगा ।

2–उत्पन्न सतति तदैव

3–टीकाकरण –क्षेत्र के सभी पशुओं को रोग–निरोधक टीके लगाना बीमार पशुओं की चिकित्सा तथा 4–निकृष्ट सांडों का बधियाकरण का कार्य

5–बधियाकरण

6– चारा विकास कार्यक्रम–

अ–चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण एवं सघन विकास योजना(जिला योजना) पशुचिकित्साधिकारी द्वारा विकास क्षेत्र हेतु सामयिक निवेशों को पशुधन प्रसार अधिकारियों को उपलब्ध कराना, अनुश्रवण।

ब–चारा मिनिकिट वितरण एवं प्रदर्शन–पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से प्राप्त मिनिकिटों को उपलब्ध कराना तथा चारा प्रदर्शनों का निरीक्षण ।

पशुपालन विभाग के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की शतप्रतिशत आपूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर उत्तरदायित्व का निर्धारणः–

कार्यक्रम का नाम– जिला स्तर

कार्य अधिकारी – मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

1–कृत्रिम गर्भाधान– जनपद के अंतर्गत आने वाली समस्त संस्थाओ के अंतर्गत कार्यरत कार्यक्रमो को सफल एवं लक्ष्यो की शत प्रतिशत पूर्ति कराने के लिए आवश्यक निवेशो की आपूर्ति कराना, वित्तीय आवश्यकताओ की पूर्ति, पर्याप्त मात्रा में धन की व्यवस्था करना विकास क्षेत्र स्तर पर आने वाली कठिनाइयो का त्वरित निस्तारण करना विकास क्षेत्र मंडल/प्रदेश स्तर पर समन्वय रखना/जनपद स्तर पर, विभिन्न कार्यक्रमो का अनुश्रवण एवं संस्थाओ का निरीक्षण आदि का उत्तरदायित्व मुख्य पशुचिकित्साधिकारी का होगा ।

2–उत्पन्न सतति तदैव

3–टीकाकरण तदैव क्षेत्र के सभी पशुओं को रोग–निरोधक टीके लगाना बीमार पशुओं की चिकित्सा तथा निकृष्ट सांडों बधियाकरण का कार्य

4–चिकित्सा तदैव

5–बधियाकरण तदैव

6–विभिन्न वैक्सीनों का उपयोग–जनपद में प्राप्त वैक्सीन का उपयोग समय से कराना तथा समय से मांग प्रस्तुत करने का दायित्व मुख्य पशुचिकित्साधिकारी का होगा ।

7–चारा विकास कार्यक्रम–

अ–चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण एवं सघन विकास योजना(जिला योजना)– मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा पशुचिकित्साधिकारियो को सामयिक निवेशों को उपलब्ध कराना, आवश्यक धन की

व्यवस्था, कार्यो हेतु मार्ग दर्शन देना एवं निरीक्षण तथा अनुश्रवण पशुचिकित्साधिकारियो एवं मण्डल से समन्वय स्थापित करना,विकास हेतु नयी योजनायें बनाना एवं उपलब्ध कराना ।

ब–चारा मिनिकिट वितरण एवं प्रदर्शन–मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा नैशनल शीड कारपोरेशन रूद्रपुर उधमसिंह नगर से मिनीकिट प्राप्त कर पशुचिकित्साधिकारियों को उपलब्ध कराना । प्रर्दशनी का निरीक्षण /अनुश्रवण ।

8–विभागीय परिसम्पत्तियो ं ऐव भवनो का अनुश्रवण एव अवस्थापना सुविधाओ का विकास

1.3 मुख्य पशुचिकित्साधिकारी स्तर पर कार्य एवं कर्तव्य

1.जनपद स्तर पर पशुपालन हेतु योजना तैयार करना, कार्यान्वित करना और उनका परिवेक्षण करना

2.पशुचिकित्सालयो की स्थापना, रखरखाव व प्रबंधन करना ।

3.'द' श्रेणी पशुऔषधालयो व पशुसेवा केन्द्रो की स्थापना रखरखाव व प्रबंधन ।

4.कृत्रिम गर्भाधान तथा नैसर्गिक अभिजनन द्वारा स्थानीय पशुओ की नस्ल सुधार ।

5.डेयरी, व अन्य स्थानीय पशुओ की नस्ल सुधार हेतु कार्यक्रम चलाना ।

6.पशुओ के संक्रामक रोगो महामारी के बचाव हेतु समयबद्ध कार्यक्रमानुसार टीकाकरण अभियान चलाना महामारी का निवारण तथा नियंत्रण करना ।

7.संतुलित आहार व चारा घास क्षेत्रो का विकास ।

8.कृषको पशुपालको एवं अन्य उपभोक्ता समुदायो को प्रशिक्षण ।

9.विभागीय परिसंपत्तियो एवं भवनो का अनुश्रवण एवं अवस्थापना सुविधाओ का विकास ।

विकास खण्ड स्तर पर (पशुचिकित्साधिकारी) कार्य एवं कर्तव्य

विभाग द्वारा संचालित समस्त कार्यक्रमो का कार्यान्वयनः–

1.पशुचिकित्सा एवं संपादन का विकास ।

2.पशुओ एवं कुक्कुटो में महामारी व छूत के रोगो का निवारण एवं नियंत्रण ।

3.सघन पशु नस्ल सुधार कार्यकम कृ0ग0 की सुविधा पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध कराना ।

4.चारा एवं घास उत्पादन के कार्यक्रमो का कार्यान्वयन परिसम्पत्तियो एवं भवनो का रखरखाव ।

पशुधन प्रसार अधिकारियो के कार्य एवं कर्तव्य

1.प्रारम्भिक पशुचिकित्सा एवं पशुसम्पदा का विकास /

2.पशुओ एवं कुक्कुट पक्षियो में महामारी एवं छूत के रोगो के निराकरण हेतु समयबद्ध कार्यक्रमानुसार टीकाकरण का सम्पादन ।

3.पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम पशुपालक के द्वार पर जाकर कृ0ग0 तथा पशुगर्भित करना ।

4.चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण हेतु चारा बीज व चारा मिनीकिट्स का प्रदर्शन तथा प्रोत्साहित करना

5.परिसम्पत्तियो एवं भवनो का रखरखाव ।

पशुधन प्रजनन की परिकल्पना

1.पशुपालन को प्रदेश में स्वरोजगार एवं अर्थव्यवस्था का एक मुख्य आधार बनाकर राज्य के सकल घरेलू उत्पादक (जी0डी0पी0) में वर्षद्धि करना ।

2.पशुपालको को उन्नत नस्ल एवं उत्तम गुणवत्ता के पशु उपलब्ध कराना ।

3.पशु नस्ल सुधार हेतु विभिन्न पशु प्रजनन विधाओ (ए0आई) के माध्यम से 2015 के अतं तक शत प्रतिशत प्रजनन योग्य पशुओ को संगठित पशुप्रजनन कार्यक्रम से आच्छादित करके पशुपालको के द्वार पर उपलब्ध कराना

4.दूध, अण्डा, कुक्कुट, मॉस एवं अन्य पशु जन्य योग्य पदार्थो के उत्पादन वृद्धि करके प्रति व्यक्ति आय मे बढोत्तरी करना

लक्ष्य एवं उद्देश्य

1.पशुपालन को प्रदेश में स्वरोजगार एवं अर्थव्यवस्था का एक मुख्य आधार बनाना ।

2.पशुओ के अनुवांशिक गुणो में वृद्धि करना तथा पशुधन की स्थानीय नस्लो को संरक्षित/सुरक्षित रखना

3–पशुओ के अनुवांशिक गुणो में बृद्वि करना तथा पशुधन की स्थानीय नस्लो को संरक्षित /सुरक्षित रखने के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित करना।

4–दूध अण्डा कुक्कुट मांस एंव अन्य पशुजन्य भोज्य पदार्थो के उत्पादन में बृद्विकरना तथा मानव आहार में पशुजन्य प्रोठीन की मात्रा मे बृद्वि करना ।

5–क्षेत्र में कृषि कार्य /भारवाहन हेतु पर्याप्त मात्रा में ह्यष्ट पुष्ट बेलो की नियमित आपूर्ति का सृजन सुनिश्चित करना ।

6–मैदानी क्षेत्रो में डेरी उधोग को प्रात्साहित करने के लिए उच्च दूध उत्पादन एवं शीघ्र परिपक्वता और उच्च जनन क्षमता से युक्त हाई बीड पशुओ की संख्या मे अभिबृद्वि करना एंव अच्छे नस्ल के सांडो का वीर्य उपलब्ध कराना ।

7–प्राइवेट सेक्टर सहकारिताओं तथा गैर सरकारी संगठनो को आवश्यक निवेशो तथा सेवाओ के लिए प्रोत्साहित करना ।

8–पशुओं के भरण पोषण उत्पादन में बृद्वि के लिए पशु आहार तथा चारा श्रोत्रो में बढोतरी करना तथा उनके लिए सस्ता पशु आहार विकसित करना ।

पशुधन प्रजनन

गौ एंव महिषवंशीय पशु

1–मैदानी क्षेत्रो में दूधारू पशुओ के लिए अज्ञात कुल के स्थानीय अवर्गीकष्त देशी गाय के प्रजनन हेतु एच0एफ0गौ साहिवाल एच0एफ0 ग सिन्धी का प्रस पर समागम कराकर विदेशी रक्त को 50प्रतिशत तक सिमित रखना

2–भैसो के लिए शुद्व मुर्रा नस्ल के साथ उन्नयन (अप ग्रेडिगं) किया जाना हैं।

3–ज्ञात कुल गौ वंशी देशी नस्लो (रेड सिन्धी ,सहिवाल शंकर) के लिए उसी नस्ल के शुद्व सांडो के वीर्य उपलब्ध कराकर इन प्रजातीयो का संरक्षण तथा संर्वधन सुनिश्चित करना ।

4–शंकर नस्ल की गायो को शकंर नस्ल के साडो के वीर्य से गर्भित कराकर विदेशी रक्त को 50 प्रतिशत सीमित रखना।

सुकर प्रजननः–

1–सुकर प्रजनन नीति के लिए चयनित विदेशी ब्रीड यार्कसायर/लार्ज वाइट याक शायर (दोनो प्रजातिया भारत में उपलब्ध है) के साथ नैसर्गिक अभिजनन द्वारा अब ग्रेडिगं किया जाना ।

कायलर कुक्कुट प्रजननः–

1–कॉमर्शियल हाईब्रीड पोल्ट्री का प्रजनन उघोग के लिए सर्वोत्तम है ,क्यो कि उनके पास इस हेतु उत्कृष्ठ संसाधन है । अतः कॉमशियल पोल्ट्री ब्रीडस का प्रजनन इस क्षेत्र में कार्यरत निजी संस्थाओ द्वारा किया जायेगा ।

2–घरेलु कुक्कुट पालन हेतु स्थानीय देशी ब्रीड और व्हाइट लेग हार्न जातियो द्वारा विकास करना ।

पशु पालन विभाग के अर्न्तगत ग्रामस्तर तक चलाये जा रहे कार्यक्रमों का विवरणः–

पशु चिकित्सा रोग नियत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 16 पशु चिकित्सालयों ,2 द,श्रेणी पशु चिकित्सालयों तथा 38 पशु सेवा केन्द्रो के माध्यम से पशुओ के स्वास्थ्य एंव रोगो के नियत्रण हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है

अनुसूचित जाति एंव जनजाति हेतु स्वरोजगारपरक कुक्कुट /बछियापालन इकाई योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एंव जनजाति के व्यक्तियों को स्वोरोजगार उपलब्ध कराने के उददेश्य से कुक्कुट पालन इकाईयो की स्थापना हेतु प्रति इकाई रू 1800.00 की दर से चलाई जा रही है।

विभाग के कार्यकलाप

1–पशु चिकित्सा एंव रोग नियत्रण कार्यक्रम

पशुओं की उत्पादन क्षमता का समुचित लाभ प्राप्त करने के लिए उनको स्वस्थ रखना परम आवश्यक है। पशुओं के स्वास्थ्य सुरक्षा एंव रोग नियत्रण हेतु विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने के उददेश्य से वर्तमान में 16 पशु चिकित्सालय ,02 द,श्रेणी पशु चिकित्सालय तथा 38 पशु सेवा केन्द्र कार्यरत है। पशु संक्रामक रोगो के नियत्रण की दशा में भी विभाग पुर्णतया सजग है। विभाग पशुओं की माहमारी की रोकथाम तथा उनकी सुरक्षा के लिए समय–समय पर गला घोटु लगड़िया एफ0एम0डी0,बी0क्यु आर0डी0 ,एस0एफ0,एफ0पी0 आदि रोगो के निवारण हेतु टीके लगाये जाते है।

पशु विकास कार्यक्रम

पशु विकास कार्यक्रम का मूल उददेश्य प्रदेश में उपलब्ध गाय एंव भैंसो की नस्ल सुधार कर उनकी उत्पादकता तथा उत्पादन क्षमता में तीब्र गति से बृद्वि करना है। इस उददेश्य की पुर्ति हेतु यु0एल0डी0बी0 की स्थापना केंन्द्र सरकार की शतप्रतिशत सहायता से जनपद देहरादून में की जा चुकी है जिसने जुलाई 2002 से कार्य प्रारम्भ कर दिया है वर्तमान में जनपद हरिद्वार को यु0एल0डी0 द्वारा तरल नत्रजन तथा गाय व भैंस का वीर्य उपलब्ध कराए जा रहा है।

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का संक्षिप्त विवरण :–

उत्तराचंल राज्य के लोगो की आजीविका का एकमात्र साधन कृषि एंव पशुपालन व्यवसाय परम्परागत रूप से रहा है। पशुपालन कार्यक्रम का प्रसार एंव विस्तार करने हेतु पशुपालन विभाग हेतु समय–समय पर अनेक कार्यक्रम चलाये जाते रहे है। 2012 की पशुगणना के अनुसार जनपद में 444329 पशुओ एंव 89034 कुक्कुट पक्षियो को आवश्यक चिकित्सा प्रदान करने विभिन्न लोगो से बचाव हेतु टीकाकरण करने एंव नस्ल सुधार की सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य विभाग द्वारा वर्तमान में निम्न योजनाऐ चलाई जा रही है।

अ– आयोजनागत –जिला सैक्टर योजनायें :–

1–पशु चिकित्सा हेतु दवा वैक्सीन/शिविरों का आयोंजन

इस योजना के अन्तर्गत जनपद में 16 पशुचिकित्सालयों ,2 द,श्रेणी पशु चिकित्सालय व 38 पशु सेवा केन्द्रो पर आवश्यक औषधियों ,उपकरणो की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए सामान्य योजना के अन्तर्गत 28.20 लाख स्पेशल योजना अन्तर्गत रू0 16.97 लाख की धनराशि व्यय की गयी है। वर्ष 2014–15 मे पशुओ की चिकित्सा व 6101 पशुओ का बधियाकरण किया गया । वर्ष 2015–16 में 28063 पशुओ का टीकाकरण एवं वर्ष 2017–18में रू0 76.99 के सापेक्ष 503338 टीकाकरण किया गया है। दुग्ध विकास विभाग द्वारा स्थापित दुग्ध समितियों के मार्गो पर उपलब्ध पशुओ को चिकित्सा,टीकाकरण आदि की सुविधा पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध करायी गयी।वित्तीय वर्ष 2018–19 सामान्य योजनान्र्तत 54.45 लाख स्पेशल कम्पोनेट प्लान में रू0 45.50 लाख की धनराशि व्यय की गयी ।

2– वर्तमान कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रो का सुट्टढीकरण एवं स्थापना –

पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अन्तर्गत कृत्रिम रूप से पशुओं को गर्भित करने हेतु कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रो के माध्यम से पशुपालको को उनके दुधारू प्रजनन योग्य गौ एंव महिष वंशीय पशुओ में कृत्रिम रूप से प्रजनन की सुविधा उनके द्वार पर उपलब्ध कराई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2004–05 से यह कार्य उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलेपमैन्ट बोर्ड द्वारा सम्पादत किया जा रहा है तथा जिला योजना से स्वीकृत धनराशि विभाग द्वारा बोर्ड को उपलब्ध कराई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए सामान्य योजनान्तर्गत रू. 0.90 लाख स्पेशल योजनान्र्तगत रू0. 0.05 लाख की धनराशि व्यय की गई है। तथा 34152 पशुओ मे कृत्रिम गर्भाधान किया गया जिसके सापेक्ष 19514 संतति उत्पन हुई ।

3–ग्राम्य और प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदर्शनियो का आयोजन – पशुपालन कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने तथा पशुपालन के प्रति लोगो को प्रोत्साहित के लिए मेलो /पशु प्रर्दशनियों का आयोजन समय–समय पर किया जाता हैं।जनपद में प्रति पशु प्रदर्शनी रू 0.15 लाख की दर से वर्ष 2015–16 में रु0 1.31 लाख एवं वर्ष 17–18 में रू0 2.10की धनराशि ब्यय की गई है,तथा वर्ष 2018–19 मे रू0 2.10 लाख की व्यय की गयी हैं ।

4– चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण एवं विकास :–

जनपद हरिद्वार में वित्तीय वर्ष 2015–16 में चारा विकास के अन्तर्गत सामान्य योजना के अन्तर्गत रू. 12.20 लाख स्पेशल योजना अन्तर्गत रू. 1.00 लाख कम्पो0 योजना अन्तर्गत धनराशि व्यय की गई है जिससे 51.00 कुन्तल बीज तथा 296 चारा मिनीकिट वितरित किया गया ।वर्ष 2015–16 में 0.50 लाख स्वीकृत किया गया।

ब–आयोजनागत–राज्य सैक्टर योजनायें–

1–कृ0ग0 से उत्पन्न संतति बछिया को पुरूस्कृत करने की योजना में वर्ष 2015–16 में धनराशि आवंटित नही हुआ ।

2–पशु चिकित्सालय पर शल्य चिकित्सा योजना अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में प्राप्त धनराशि 2.20 लाख का एवं वर्ष 2017–18 में 4.00 शतप्रतिशत उपभोग किया गया। तथा 2018–19 में रू0 4.00 लाख का व्यय किया गया ।

3–वर्ष 2018–19 में गौसदनो की स्थापना हेतु रू0 63.73 लाख की धनराशि निर्माण एंव पशुओं के भरण पोषण हेतु व्यय की गयी ।

4– वर्ष 2018–19 में गौपालन योजना में 170.01 लाख एंव बकरी पालन योजना में 19.80 लाख का व्यय किया गया ।

स–आयोजनागत –केन्द्र पोषित योजनायें–

1–पशु रोगो पर नियंत्रण हेतु राज्यो को सहायता (75 केन्द्र पोषित)–

पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों पर नियंत्रण हेतु भारत सरकार की 75 प्रतिशत सहायता के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में **रू 50.48 लाख** की धनराशि व्यय की गयी है।

1– राष्टीय /आर्थिक महत्व के पशु बीमारियों की रोकथाम हेतु पशु टीकाकरण (एफ0एम0डी0 एच0एस0,बी0क्यु0 ,आर0डी0 एस0एफ आदि) समयबद्व कार्यक्रम के अनुसार एक अभियान के रूप में पशुपालक के द्वार तक चलाया जाता ळें

क0स0	**पशुरोग का नाम**	**टीकाकरण की समय–सारणी**
1–	एफ0एम0डी0	अक्टूवर –दिसम्बर ,
2–	एच0एस0	मई ,जून
3–	बी0 क्यु0	मई –जून
4–	आर 0डी 0	दिसम्बर –जनबरी
5–	एस0 एफ0	मई –जून
6–	–	–

पूंजीगत परिव्यय

पशु पालन विभाग की विभिन्न संस्थाओ के भवन निर्माण हेतु लाख में

क0सं0	**संस्था का नाम**	**स्वीकृत धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1	पशु चिकित्सालय बहादराबाद पर कुक्कुट शैड का निर्माण	2.82 लाख	2.82 लाख
	योगः–	**2.82 लाख**	**2.82लाख**

आयोजनेत्तर योजनायें–

1–निदेशन तथा प्रशासन –

विभाग के सभी अवस्थापना केन्द्र जैसे पशु चिकित्सालय ,पशु सेवा केन्द्र में कार्यरत स्टाफ हेतु अधिष्ठान मदो में एंव विभिन्न योजनाओ मे व्यवस्था हेतु वर्ष 2018–19 में रू. **16762790** का व्यय किया गया ।

परिशिष्ट–1 त्रिस्तरीय पचांयतो के कृत्य,दायित्व एंव भूमिका

1–राज्य स्तर :

1. पशुचिकित्सा सम्बन्धी नीति का निर्धारण ।
2. पशु सम्पदा जिसमें कुक्कुट,डेरी भी शामिल है के,विकास के सम्बन्ध में भावी योजना तैयार करना

अ.पशु औषधि,उपकरण व संयत्रो की पशुचिकित्सा संस्थाओं को उपलब्धता का अनुश्रवण सुनिश्चित करने के लिए नीति तैयार करना विनियमयन करना ।

ब. विभागीय कार्यकालापो के निष्पादन व अनुश्रवण हेतु आवश्यक मानव संशाधन की व्यवस्था,विनियमन व प्रशस्तर करना ।

3.नस्ल सुधार के सन्द्रर्भ में अनुसंधान करना व उसे प्रोन्नति करना ।

4. विस्तार कार्यक्रमों की प्रोन्नति,ऋण वितरण व अनुसंधान हेतु निजी क्षेत्र–गैर सरकारी एंजेन्सी और अनुसंधान की भागेदारी का प्रयास करना ।

5. पशुधन विकास के माध्यम से रोजगार सृजन व गरीबी उन्मूलन गतिविधियों को बढ़ावा व प्रोन्नत करना।

6.पशुधन उत्पादन,प्रसंस्करण व विपणन की स्थापना व विस्तार हेतु निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना

7. पशुचिकित्सा शिक्षा एंव अनुसंधान हेतु संस्थाओ की स्थापना एंव प्रोन्नति करना ।

8. हड्डी,चर्म व अन्य पशु उत्पादो के उत्पादन व प्रसस्करण की प्रोन्नति करना ।

9. मासं,कुक्कुट,अण्डा,हड्डी तथा अन्य पशु उत्पादो के निर्यात को प्रोत्साहित करना ।

10. घास क्षेत्रो के विकास व पशु चारा एंव संतुलित पशु आहार उत्पादन के कार्यक्रमो की प्रोन्नति हेतु नीति निर्धारण करना

11. अन्तर्राष्ट्रीय एंजेसीयों व वित्तीय संस्थाओं के समुख वित्तीय सहायता हेतु परियोजनायें प्रस्तुत करना।

12. विभागीय भवनो तथा परिसम्पतियें के रख रखाव के सम्बन्ध में धनराशि के आवंटन हेतु नीति निर्धारण ।

2.जिला पचांयत स्तरः–

1.जनपद हेतु पशुपालन हेतु योजना तैयार कराना । कार्यान्वित करना और उनका पर्यवेक्षण करना
2. पशुचिकित्सालयों की स्थापना रख रखाव एंव प्रवन्धन।
3. मध्य श्रेणी के पशुचिकित्सालयों व डिस्पेसरी की स्थापना रख रखाव एंव प्रवन्धन।
4. कृत्रिम गर्भाधान व अन्य साधनो से गौधन,कुक्कुट व अन्य पशुओं की नस्ल सुधार करना।
5. डेरी कुक्कुट व सुकर पालन के विकास को प्रोत्साति करना ।
6. पशुओं मे खुरपका मुहॅपका रोगो सहित संक्रामक रेागो महामारी का निवारण तथा नियत्रण ।
7. संतुलित आहार चारा व घास क्षेत्रो का विकास ।
8. कृषको,पशुपालको व अन्य उपभोगक्ता समुदायक का प्रशिक्षण ।
9. हडडी,चर्म व पशु उत्पादोओ के प्रसंस्करण हेतु केन्द्रो की स्थापना व उन्हे प्रोन्नत करना
10. नस्ल सुधार चारा व पशु आहार के कार्यक्रमो के नियोजन अनुसधान एंव विपणन हेतु नीजि क्षेत्रो कि संस्थाओ व गैरसरकारी एंजेसियो को सम्वत करना।
11. पशु नस्ल सुधार प्रक्षेत्रो के कार्याकलापो का पर्यवेक्षण तथा सांड व अन्य सुविधाये उपलब्ध कराना
12. बकरी भेड सूकर पालन प्रक्षेत्रो का विकास एंव प्रोन्नति ।
13. पशुपालन सम्बधी योजनाओ का प्रचार प्रसार करना।
14. जिला परिषद मे निहित परिसम्पतियों एवं भवनो का अनुरक्षण।

3. क्षेत्रीय पचांयत ंस्तर –

1. क्षेत्र पचांयतो को अभ्यर्पित समस्त कार्याक्रम का कार्यन्यवन ।
2. ग्राम पचांयतो का पर्यवेक्षण व जिला पचांयतो ंकी आख्या।
3. ग्राम पचायंत द्वारा संस्तुति स्तथल लाभार्थीयो को सामाग्री वितरण हेतु चयन ।
4. प्राकृतिक पशुपालन केन्द्रो का नियोजन तथा अनुश्रण ।

5. कार्यक्रमो का कार्यन्यवन यथा –

अ.पशुचिकित्सा व पशु सम्पदा के विकास, सेवाओ व स्टाकमेन केन्द्रो का रखा रखाव व प्रवन्धन।
ब. पशुओ एंव कुक्कुट मे महामारी व छूत के रोगो का निवारण एंव नियत्रण ।
स. संघन पशु विकास कार्यक्रम ।
द. विकसीत चारा एंव घास के उत्पादन की प्रोन्नति ।
य. क्षेत्र पचायतो मे निहित परिसम्पतियों एवं भवनो का रख रखाव

3. ग्राम पचांयत स्तर

1. डेरी कुक्कुट व सूकर से सम्बन्धित पशुपालन कार्यक्रमों का कार्यन्यवन ।
2. पशु कुक्कुट तथा अन्य पशु सम्पदा के नस्ल सुधार कार्यक्रम ।
3. जनता के सहयोग से सार्वजनिक तराई क्षेत्रो का विकास एंव रख रखाव।
4. पशुओ में महामारी व छूतवा रोगो के निवारण एंव नियत्रण मे सहायता करना ।
5. पशु गृहो,सदनो की स्थापना तथा छूट्टा पशु के नियत्रण हेतु प्रयास करना ।
6. पशु कंकालो के एकत्रीकरण उपयोग हेतु केन्द्रो की स्थापना ।
7. ग्राम पचायतो मे निहित परिसम्पतियों एवं भवनो का रख रखाव ।
8. चारा विकास सार्वजनिक चारागाहो का रख रखाव तथा उसके दुरूपयोग का नियत्रण व बाधाओ का निवारण ।

परिशिष्ट–2

क0	कार्यक्रम/योजना/स्कीम का नाम	कार्यक्रम/संस्था जो सौपी गयी	सम्बद्व कार्मिक
1	2	3	4
1	निदेशन एंव प्रशासन		
	प्रशासनिक ढांचे का सुदृढीकरण	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कार्यालय जिला–पचांयत	पशुचिकित्साधिकारी
2	पशुचिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवायें		
	1–राष्ट्रीय महत्व तथा अन्य पशु रोगो की विधिवत नियन्त्रण की योजना (50 प्रतिशत केन्द्र पोषित)	मण्डल स्तर	
	2–पशु महामारी की निगरानी व उनकी रोकथाम हेतु ज्वलन्त कार्यक्रम की योजना (50 प्रतिशत केन्द्र पोषित)	निदेशालय एंव मण्डलीय स्तर पर	
	3–वेटनरी काउन्सिल ऐक्ट एंव कार्यालय की स्थापना (50 प्रतिशत केन्द्र पोषित)	प्रदेश स्तर	
	4–पशु रोग अनुसंधान तथा निदान प्रयोगशालाओं के सुधार एंव विस्तार की योजना	मण्डलीय /जनपदीय स्तर	
	5–बी0पी0संस्थान का प्रसार एंव सुदृढीकरण	प्रान्तीय स्तर	
	6–पशुचिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवायें	पशुचिकित्सालय पशु सेवा केन्द्र,''द''श्रेणी औषधालय	पशुचिकित्साधिकारी,पशुधन प्रसार अधिकारी
	7–खुरपका,मुहपका रोग के उन्मुलन की योजना	खुरपका,मुहॅपका वैक्सीन	पशुचिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसारअधिकारी पैरावेट/इन्सेमिनेटर
3	**गाय एंव भैंस विकास**		
	पशुचिकित्सालयों के बाहर के क्षेत्रो में सकंर प्रजनन तथा भैसो में अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा प्रत्याभिजनन की योजना (राज्य सैक्टर)		
4	गाय,भैसो मे कृत्रिम गर्भाधान प्रजनन की सुविधा तथा बायफ संस्थान से प्रजनन सुविधा उपलब्ध करना (राज्य सैक्टर)	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र कृत्रिम गर्भाधान उप केन्द्र नैसर्गिक अभिजनन केन्द्र	पशुचिकित्साधिकारी
5	गाय,भैसो मे कृत्रिम गर्भाधान प्रजनन की सुविधा तथा बायफ संस्थान से प्रजनन सुविधा उपलब्ध करना (जिला सैक्टर)		
6	राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्रो की व्यवस्था (राज्य योजना)		
7	क्षेत्रीय पशुओं के विकास द्वारा ग्रामीण पशुपालको के आर्थिक उन्यनयन की योजना राजकीय सेल (राज्य योजना)	टीकाकरण व चिकित्सा	निदेशक
8	क्षेत्र के विकास की योजना (राज्य सैक्टर)	वुन्देलखण्ड का सर्वागीण विकास	उप निदेशक/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
9	राजकीय प्रक्षेत्रो पर पशुओ के उत्पादन एंव विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराना (जिला सैक्टर)	उन्नतशील सांडो का कय एंव वितरण	मुख्यपशुचिकित्साधिकारी/ पशुचिकित्साधिकारी
10	कुक्कुट विकास		
	राज्य में कुक्कुट हैचरीज की स्थापना (राज्य योजना)	कुक्कुट पक्षीयों /लेयर/ब्रायलर कुक्कुट चूजा का विकय	मुख्य तकनीकी अधिकारी,कुक्कुट/कुक्कुट प्रक्षेत्र प्रवन्धक
11	प्रादेशिक कुक्कुट काम्पलैक्स की स्थापना (राज्य सैक्टर)	लगु सीमान्त कृषको का कुक्कुट उत्पादन लेयर द्वारा स्वरोजगार का अवसर सुलभ कराना	मुख्यपशुचिकित्साधिकारी
12	प्रक्षेत्र/ हैचरीज की स्थापना विकेन्द्रीत समन्वित कुक्कुट विकास (जिला	व्यवसायिक लेयर/ब्रायलर चूजो का उत्पादन एंव विकय	मुख्य तकनीकी अधिकारी,कुक्कुट/कुक्कुट प्रवन्धक
13	सघन भेड़ विकास योजना एंव प्रक्षेत्रो की स्थापना	अशंदान पर मेढां वितरण अन्य प्रक्षेत्र,ऊन	1.भेड़ पर्यवेक्षक
14	बकरी प्रजनन सुविधओ का विकास (जिला सैक्टर)	बकरी प्रक्षेत्र प्रजनन सुविधा अंशदान पर बकरी का वितरण उन्नतशील बकरी/बकरा सांड उत्पादन करके पशुपालको को वितरण करना	पशुचिकित्साधिकारी
15	सूकर विकास		
16	सूकर प्रक्षेत्रो की स्थापना (जिला सैक्टर)	सूकर पालको को प्रशिक्षण करना	मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
17	पशुधन विकास –		
18	पशुधन विकास कार्यक्रमो का प्रचार व प्रसार (राज्य सैक्टर)	राज्य स्तर	निदेशक
19	पशुधन विकास कार्यक्रमो का प्रार (जिला सैक्टर)	पशुधन विकास सम्बन्धी पशुधन प्रदर्शनी,गोष्टी, प्रचार कैम्प आदि	पशुचिकित्साधिकारी
	पेक एनीमल्स के विकास की योजना व कार्यक्रम (राज्य सैक्टर)	राज्य स्तर	निदेशक
20	चारा विकास कार्यक्रम–		
	चारा विकास कार्यक्रमो का सघनीकरण (जिला सैक्टर)	1.चारा बीजो का वितरण 2. प्रमाणित बीजो को कृषको में वितरण एंव चारा उत्पादन हेतु प्रतिलक्षीत करना	पशुचिकित्साधिकारी/ पशुधन प्रसार अधिकारी
21	शोध एंव सांख्यिकीय –		
	पशुधन उत्पादन तथा प्रवन्धक सांख्यिकीय अध्ययन तथा शोध कार्या (राज्य सैक्टर) 50 प्रतिशत केन्द्र पोषित	राज्य स्तर	निदेशक

(मैनुअल–2)
अधिकारियों और कर्मचारियो की शक्तियॉ एवं कर्तव्य

विषय सूची

क्रम सं0	विवरण	पेज नं0 18–19
2.1	अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियां एवं कर्तव्यों का विवरण	19–20

1 विभागीय अधिकारियों की शक्तियॉ एवं कर्तव्यों का विवरण–

प्रशासनिक अधिकार	मुख्यपशुचिकित्साधिकारी–वेतनमान रूपया 2550–3200 नियुक्ति अधिकार प्राप्त है इसके अतिरक्त वेतन आहरण, वार्षिक वेतनवृद्वि, समयमान वेतनमान स्वीकृत करना सभी प्रकार के अवकाश स्वीकृत करना प्रदत्त है । 2–जनपद के अन्तर्गत के पशु चिकित्साधिकारियों पर पूर्ण रूप में प्रशासनिक नियंत्रण तथा विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन तथा अन्य कार्य। 3–समूह–घ के कर्मचारियों का वार्षिक स्थानान्तरण का अधिकार ।
वित्तीय अधिकार	1–रूपया 15000 तक बिना कोटेशन प्राप्त किये राजकीय सामाग्री का क्रय 2–रूपया 15001 से 100000 तक सामाग्री का क्रय कोटेशन प्राप्त कर । 3–रूपया 100000 से अधिक सामाग्री का क्रय टेण्डर आमात्रित कर, निदेशक/शासन की स्वीकृति के उपरान्त । 4–सामान्य भविष्य निधि आहरण का अधिकार अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों का 3 महिने के मूल वेतन के बराबर स्वीकृति का अधिकार
विविध अधिकार	1–उपनिदेशक/निदेशक/शासन स्तर पर सौपी गई जांच रिर्पोट का निश्पादन । 2–उच्च स्तर पर आयोजित बैठकों में भाग लेना एवं उनका अनुपालन सुनिश्चित करना । 3–क्षेत्र में फैले हुए बीमारियों पर प्रभावी रूप से नियंत्रण हेतु पशु चिकित्साधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करना । 4–चारे दाने की समुचित व्यवस्था करवाना । 5–विभागीय कार्यो की संस्थावार समीक्षा एवं शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करवाना। 6–20–सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा आंवटित लक्ष्यों के सापेक्ष भौतिक सत्यापन कार्य करना ।

अधिकारियो और कर्मचारियो की शक्तियॉ और कर्तव्य

विभाग के संचालन विभागीय कार्यक्रमों हेतु जनपद स्तर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा पशुचिकित्सालयों हेतु पशुचिकित्साधिकारी के पद सृजित है,तथा जनपद मुख्यालय एवं पशुचिकित्सालयों के लिये सृजित पदों के पद धारकों के अधिकार एवं कर्तब्य निम्नवत् है ।

1–मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी जनपद में संचालित हो रही विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन,संचालन हेतु उत्तरदायी होता है । मुख्य पशुचिकित्साधिकारी जनपद में कार्यरत समस्त कार्मिको पर प्रशासनिक एवं वित्तीय नियन्त्रण रखना है । विभागीय योजनाओ के संचालन के क्रियान्वयन हेतु शासन से आबंटित धनराशि का समय पर उपयोग सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व भी मुख्य पशुचिकित्साधिकारी का है व विभागीय संस्थाओ का सामयिक निरीक्षण व अभिलेखों का उचित रखरखाव भी करना है ।

2–पशुचिकित्साधिकारी

पशुचिकित्साधिकारी का मुख्य कार्य क्षेत्रान्तर्गत पशुनस्ल सुधार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करना,पशुचिकित्सालय क्षेत्रान्तर्गत संचालित योजनाओ का क्रियान्वयन अनुश्रवण करना,क्षेत्रान्तर्गत फेलने वाले रोगो की रोकथाम हेतु टीकाकरण करना साथ पशुचिकित्सालय क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत कर्मचारियो पर प्रशासनिक नियन्त्रण रखना है । पशुचिकित्साधिकारियो का यह भी दायित्व होता है कि वह विभिन्न योजनाओ के अर्न्तगत क्रय किये जाने वाले पशुओ के स्वास्थ्य की जॉच कर उनके सम्बन्ध में स्वस्थता प्रमाण पत्र जारी करे,पशु वधशालाओ में वध किये जाने वाले पशुओं के स्वास्थ्य की जॉच करना भी पशुचिकित्साधिकारी के कर्तव्यों में आता है । पशुचिकित्सालय व पशुसेवा केन्द्रों के भण्डार के वार्शिक सत्यापन व अभिलेखो का रखरखाव करना ।

3–पशुधन प्रसार अधिकारी

पशुधन प्रसार अधिकारी का मुख्य कार्य क्षेत्रान्तर्गत पशु नस्ल सुधार ,टीकाकरण,चिकित्सा,बधियाकरण एवं चारा बीज वितरण का है । इसके अतिरिक्त क्षेत्र में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ का प्रचार–प्रसार कर पशुपालकों को विभागीय योजनाओ की जानकारी देते हुए उन्हें विभागीय योजनाओ के प्रति प्रेरित करना है । पशुधन प्रसार अधिकारी का यह भी कर्तव्य है कि वह क्षेत्र में फेलने वाले संक्रामक रोगो की रोकथाम हेतु समय–समय पर टीकाकरण करें और पशुओं में यदि कोई गम्भीर बीमारी फेली हो तो उससे उच्चाधिकारियो को अवगत करावें। पशुसेवा केन्द्र पर किये जाने वाले कार्यो की पंजिका का रखरखाव करना।

4–पशुचिकित्सा फार्मेसिस्ट

पशुचिकित्सा फार्मेसिस्ट का मुख्य कार्य पशुचिकित्सालय स्तर पर रखे जाने वाले अभिलेखों का रखरखाव,पशुपालकों को पशुचिकित्साधिकारी द्वारा बताये गये नुश्खे के अनुसार बीमार पशुओं के उपचार हेतु दवा वितरण,बीमार पशुओं की मरहम पटटी करना है।

5–ड्रैसर

पशुचिकित्सालय में आने वाले बीमार पशुओं की मरहम पटटी एवं बीमार पशुओं के उपचार में पशुचिकित्सक की सहायता करना ।

6–वाहन चालक

वाहन का रख रखाव करना ।

7–अनुसेवक

पशुचिकित्साधिकारी के निर्देषानुसार पशुचिकित्सालय में आने वाले बीमार पशु की देखरेख करना व पशुचिकित्सालय की व्यवस्था में सहयोग करना एवं प्शुचिकित्सालय की समुचित साफ सफाई करना।

8–अन्वेषक

जनपद स्तर पर विभिन्न योजनाओ से सम्बन्धित पशुधन ऑकडो का संकलन करना,पशुगणना सम्बन्धी ऑकडो का संकलन करना एवं अण्डा ,ऊन,दूध का अनुमान निकालना तथा संकलित सूचना को सक्षम उच्च अधिकारियों को प्रेषित करना है।

9–लिपिक वर्गीय कर्मचारी

जनपद स्तरीय कार्यालय में लिपिक वर्ग के विभिन्न पद स्वीकृत है जिन्हें पृथक–पृथक कार्य सौपा जाता है यथा प्रधान लिपिक का दायित्व गोपनीय पत्रों पर पत्राचार करना,वार्षिक प्रविष्टियों का रखरखाव करना एवं कार्यालय के अधीनस्थ कर्मचारियो पर नियन्त्रण करना,विभिन्न स्तरों से प्राप्त पत्रों को कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करना तथा कार्यालय के विभिन्न पटल सहायको से प्राप्त पत्रावलियो को परीक्षण के उपरान्त कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत करना है । कार्यालय के स्थापना लिपिक का कार्य अधिष्ठान में नियुक्त समस्त कर्मचारियो की सेवा पुस्तिकाओ का रखरखाव करना,व्यक्तिगत पत्रावलियो का रखरखाव करना,कर्मचारियो के सेवा सम्बन्धी समस्त प्रकरणो का निस्तारण करना है । कार्यालय के लेखाकार का कार्य शासन से आबंटित समस्त बजट का वित्तीय नियमों के परिपेक्ष्य में उपयोग सुनिश्चित करने हेतु कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्ताव प्रस्तुत करना ,कार्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा समय–समय पर क्रय किये जाने वाले सामान से सम्बन्धित बिलो की जॉच करना,यात्रा भत्ता बिलो की जॉच करना एवं वित्तीय नियमों के परिपेक्ष्य में उनके आहरण की कार्यवाही करना है ।कार्यालय के कैशियर/भण्डारक का मुख्य दायित्व विभिन्न योजनाओ के अर्न्तगत आहरित धनराशि का भुगतान सम्बन्धितों को वित्तीय नियमों के अनुसार करना है तथा कार्यालय हेतु क्रय सामग्री से सम्बन्धित स्टोर आदि का रखरखाव ,एवं रोकड बही व स्टाक बुकों का रखरखाव एवं तत्सम्बन्धी कार्य करना है । कार्यालय में एक पत्र प्रेषण लिपिक होता है जिसका मुख्य कार्य विभिन्न स्तरो से प्राप्त होने वाली डाक को प्राप्त करना एवं प्रेषित की जाने वाली डाक का प्रेषण एवं एवं डाक टिकट पंजिका आदि का रखरखाव करना है । कार्यालय में एक बिल लिपिक होता है , जिसका मुख्य कार्य वेतन बिल,यात्रा भत्ता बिल तैयार कर उन्हें परीक्षणोपरान्त वित्तीय नियमों के परिपेक्ष्य में आहरण हेतु आहरण वितरण अधिकारी को प्रस्तुत करना है । कार्यालय में एक सा0भ0नि0 लिपिक होता है,जिसका कार्य अधिष्ठान में कार्यरत अधिकारियो/कर्मचारियो की सा0भ0नि0 पास बुको का रखरखाव एवं सामान्य भविष्य निधि से अस्थाई/अन्तिम निष्कासन के स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार करना है । कार्यालय में एक पशुधन लिपिक होता है जिसका कार्य विभागीय योजनाओ से सम्बन्धित समस्त प्रकरणों पर कार्यवाही करना,बैठके आयोजित करना,बैठको की अनुपालन आख्या तैयार करना,जिला योजना तैयार करना एवं विभागीय कार्यक्रमो एवं जिला योजना से सम्बन्धित मासिक प्रगति विवरणो को तैयार करना है ।

(मैनुअल–3)

विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमे पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित है।

विषय सूची

क्रम सं0	विवरण	पेज नं0
3.1	पशु पालन विभाग	21–22
3.2	पशु पालन विभाग के अन्तर्गत प्रयुक्त की जाने वाली औशधिया वैक्सीन, उपकरणों आदि के क्रय हेतु नीति निर्धारण संख्या 258–XV–1/2(100) /2007	22–24

3.1 पशुपालन विभाग

पशुपालन विभाग की स्थापना जनपदों में श्वेत क्रांति एवं पालतू पशुओं के विकास की दृष्टि को मध्यनजर रखते हुए की गई है । पूर्व में उ0प्रदेश शासन के अधीन विभाग कार्यरत था । वर्तमान समय में उत्तरांचल राज्य की स्थापना हो जाने के फलस्वरूप पशुपालन विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है । वर्तमान में विभाग मे राज्य स्तर पर अपर निदेशक, मण्डल स्तर पर उप निदेशक एवं जनपद स्तर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा विकास खण्ड स्तर पर पशु चिकित्साधिकारी एवं अधिक पशुधन वाले क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर पशुधन प्रसार अधिकारी कार्यरत हैं ।

जनपद के अधीन कार्यरत संस्थाओं का विवरण–

क्र. सं.	**कार्यरत संस्थायें**	**संख्या**
1	पशु चिकित्सालय	**16**
2	पशु सेवा केन्द्र	**38**
3	क्ष0ग0केन्द्र / उपकेन्द्र	**16 / 38**

3.2 पशुपालन विभाग के अंतर्गत प्रयुक्त की जाने वाली औषधियो / वैक्सीन, उपकरणो आदि के क्रय हेतु नीति निर्धारण :

प्रेषक,

अमरेन्द्र सिन्हा,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन,

सेवा में,

अपर निदेशक,
पशुपालन विभाग,
उत्तराखण्ड, गोपेश्वर, चमोली।
पशुपालन अनुभाग–1
देहरादून दिनाकं 24 नवम्बर 2008

विषयः– पशुपालन विभाग के अन्तर्गत प्र युक्त की जाने वाली औषधि यों/वैक्सीन,उपकरणो आदि के कय हेतु नीति निर्धारण।

महोद य,

उपरोक्त विष यक आपके पत्र संख या 69/कय प्रकोष्ठ/औषधि/2008–09 दिंनाक 20 जून 2008 के कम में शासन स्तर पर सम् यक विचारोपरान्त पशुपालन विभाग के अर्न्तगत प्र युक्त की जाने वाली औषधि यों/वैक्सीन, उपकरणों आदि के क य हेतु नीति निर्धारण हेतु पूर्व में जारी समस्त शासनादेशो को अतिकमित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड में पशुचिकित्साल यों /पशु सेवा केन्द्रो तथा अन् य योजनाओ मे उप योग मे लाई जाने वाली औषधि यो /वैक्सीन /सर्जिकल उपकरणो, गॉज बैण्डेज, ड्रेसिंग मेटीरि यल, प्र योगशालाओ में प्र युक्त होने वाले उपकरणो , एवं रीऐजेण्टस रसा यन तरल नत्रजन पात्रो कृत्रिम गर्भाधान प्रणाली में प्र युक्त होने वाले उपकरणो, अतिहिमीकृत वी र्य आदि कय प्रकिया के विकेन्द्रीकरण के अर्न्तगत कय किये जा येगे। इस प्रकार के क य में नियमो एवं वित्त विभाग द्वारा कय प्रकिया में पारदर्शित रखने के सम्बन्ध में सम य सम य पर जारी आदेशो का पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2– कय हेतु औषधि यो का चयन एवं मात्राा निर्धारण राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति राज्य स्तरीय कय एवं दर अनुबन्ध समिति को निम्नवत परिभाषित कि या जाता है।

राज् य स्तरी य विशेषज्ञ समिति

1– अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, अध्यक्ष
2– मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एल0डी0बी0 सदस्य
3– औषधि नियत्रक उत्तराखण्ड या उनके द्वारा नामित से युक्त निदेशक स्तर के अधिकारी सदस्य
4– विभागाध्यक्ष औषधि विज्ञान विभाग कालेज ऑफ वेटनरी साइस,पंतनगर विश्वविद्याल या उनके द्वारा नामित प्रोफेसर

प्रतिनिधि

5– उप निदेशक, पशुलोक सदस्य
6– उप निदेशक, कुमायूँ मण्डल, नैनीताल सदस्य
7– मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमोली/टिहरी/देहरादून/पिथौरागढ/नैनीताल/उधमसिहनगर यह समिति औषधियो/वैक्सीन/सर्जिकल उपकरण गॉज ड्रैसिग मेटीरियल, तरल नत्रजन पात्रों कृत्रिम गर्भाधान प्रणाली में प्रयुक्त होने वाले उपकरणो अतिहिमीहकृत वीर्य आदि की आवश्यकता के सन्दर्भ में विशिष्यटयो/मानको /गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उनका चयन एवं मात्रा निर्धारित करेगी। इसके सदस्य सं योजक समिति के सदस् यो को समस्त वाछित सूचना ये समय से उपलब्ध करायेगे। इसके सदस्य संयोजक का यह भी दा ियत्व होगा कि इस समिति की बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त को सभी सदस्यो एवं शासन को अनिवार्य रूप से प्रेषित करे तथा किसी सदस्य अथवा शासन द्वारा आपत्ति किये जाने पर उसके नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करे एवं अन्तिम रूप से चयनित सूचियो को राज्य स्तरीय कय एवं दर अनुबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यो को ससमय प्रेषित करे।

राज्य स्तरीय कय एवं दर अनुबन्ध समिति

1– अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड अध्यक्ष
2– निदेशक, उद्योग या निदेशक उद्योग द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य
3– शासन द्वारा नामित एक विषय विशेषज्ञ सदस्य
4– वित्त व्यय नियत्रक सदस्य

5– औषधि निंयत्रक , उत्तराखण्ड द्वारा नामित एक अधिकारी, औषधि नियत्रक (आयुर्वेद) सदस् य द्वारा नामित प्रतिनिधि (आवश्यकतानुसार) उपरोक्त समिति विभाग मे प्रयोग होने वाली औषधि रसायन, वैक्सीन, गौज, उपकरण, ड्रेसिग, मैटिरियल आदि की आवश्यकता के सन्दर्भ मे उनका चयन/निविदा प्रपत्र (फार्मस) का निर्धारण/ औषधि का अपव्यव के आधार पर निर्धारण/साल्ट की गुणवत्ता का निर्धारण तथा जनपदवार औषधि की मात्रा का निर्धारण करेगी। इसके अतिरिक्त उक्त समिति औषधि की गूणवत्ता उचित न होने की स्थिति में आर्थिक दण्ड का निर्धारण करेगी, जो कि कय मूल्य के 3 गुने तक हो सकता है। यह कय समिति राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा चूनी गयी औषधियो , वैक्सीन, उपकरण आदि एवं राज्य स्तरीय कय एवं दर अनुबन्ध समिति द्वारा निर्धारित प्रतिष्ठानो से निर्धारित दरो पर उपलबध आय व्ययक प्राविधान के अर्न्तगत ही कय की कार्यवाही करेगी। यदि किन्ही कारणवश दर अनुबन्ध उपलब्ध न हो और स्थानीय स्तर पर औषधियो/वैक्सीन आदि की तत्काल आवश्यकता हो तो उपलब्ध बजट प्राविधान की सीमा के अर्न्तगत यह समिति इस प्रकार की औषधि/वैक्सीन कय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान करने के लिए अधिकृत होगी।

3– (क) जिला योजना मे प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष औषधि/वैक्सीन तथा उपकरणो आदि का कय तथा जनपदो को अन्य स्त्रोतो से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष समस्त कय समिति के अनुमोदन उपरान्त जनपदीय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(ख) राज्य सेक्टर योजना के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि एवं आय व्ययक के आयोजनेतत्र पक्ष के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि क `सापेख शत प्रतिशत कय निदेशालय स्तर पर किया जायेगा परन्तु आपूर्ति सम्बन्धित जिले के केन्द्रीय भण्डार/पशुचिकित्सालय/पशु सेवा केन्द्र /प्रेक्षेत्र जैसी भी स्थिति हो मे ंआपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा की जायेगी।

(ग) यदि किसी उपकरण का मूल्य 100000 रूपया प्रति ईकाई से अधिक है तो इसके कय से पूर्व विभागाध्यक्ष /शासन की स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होंगा।

कय प्रकिया

